

# ON INDEPENDENCE DAY INDIAN INDUSTRY SAID INDIA SELF RELIANCE WILL DECIDE ITS FUTURE – GOINDIANEWS

GoIndiaNews  5 days ago  Business व्यापार  30 Views

भारतीय उद्योग जगत की दिग्गज हस्तियों ने शनिवार को कहा कि भारत की आत्मनिर्भरता से यह तय होगा कि देश की आजादी का झंडा कितना बुलंद होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने स्वतंत्रता दिवस भाषण में राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन की घोषणा का स्वागत भी किया।

अडानी समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी ने ट्वीट कर कहा कि प्रत्येक स्वतंत्रता दिवस उन लाखों शहीदों के लिए एक श्रद्धांजलि है, जिन्होंने हमें स्वतंत्र और अवसरों से भरे देश में पैदा होने की आजादी दी। अब से, हमारी आत्मनिर्भरता यह तय करेगी कि आजादी का यह झंडा कितना बुलंद होगा।

**Gautam Adani**
@gautam_adani

Every Independence Day is a tribute to millions of sacrifices that earned us the freedom to be born & raised in a free country full of opportunities. From now on our Atmanirbharta will determine how high & strong the flag of freedom flies. Happy #IndependenceDay

10:10 AM · Aug 15, 2020

889  122 people are Tweeting about this

RVEY ASKING STAFF IF THEY ARE 'YELLOW' - GOINDIANEWS    MYSTERY GROWS OVER VIRUS SPREAD VIA CO

राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन का स्वागत करते हुए बायोकॉन की सीएमडी किरण मजुमदार शॉ ने कहा कि यह भारत के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को एक डिजिटल रीढ़ देगा और भारत के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है। डेलॉइट इंडिया की पार्टनर और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र की दिग्गज हस्ती चारू सहगल ने कहा कि यह मिशन भारत की स्वास्थ्य प्रणाली को अगले स्तर तक ले जाने में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

मोदी ने अपने भाषण में कहा कि प्रत्येक भारतीय को एक स्वास्थ्य आईडी दी जाएगी। यह स्वास्थ्य आईडी प्रत्येक भारतीय के स्वास्थ्य खाते के रूप में काम करेगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मरीज की प्रत्येक बीमारी, परीक्षण और डायग्नोसिस, चिकित्सा रिपोर्ट इस स्वास्थ्य आईडी में संग्रहीत की जाएगी।

हॉस्पिटल्स ग्रुप के चेयरमैन प्रताप सी रेड्डी ने कहा कि कोरोना वायरस महामारी और गैर-संचारी रोगों पर काबू पाना इस स्वतंत्रता दिवस पर हम सभी का लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस की वैक्सीन बनाने में कई भारतीय कंपनियों ने उल्लेखनीय प्रगति की है और उम्मीद जताई कि एक साल के अंदर भारत में टीका होगा। जोहरी डिजिटल हेल्थकेयर लिमिटेड के संस्थापक और अध्यक्ष सत्येंद्र जोहरी ने कहा कि नेशनल डिजिटल हेल्थ मिशन व्यक्ति के मेडिकल रिकॉर्ड को डिजिटाइज करेगा, जिसे प्रभावी ‘टेली-कंसल्टेंसी को बढ़ावा मिलेगा और आयुष्मान भारत योजना के तहत आसानी से नकदी हस्तांतरण लाभ मिल सकेगा।

Source link

**RVEY ASKING STAFF IF THEY ARE 'YELLOW' - GOINDIANEWS** **MYSTERY GROWS OVER VIRUS SPREAD VIA CO**